**शिक्षक भर्ती में पद बढ़ाने की मांग....**

# 42 घंटे से आमरण अनशन पर अभ्यर्थी






नीलम पार्क में स्कूल बचाओ संघर्ष समिति का प्रदर्शन भी चल रहा है। समिति सरकारी स्कूलों को बंद या दूसरे स्कूलों में मिलाने का विरोध कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने सरकारी स्कूलों की सुविधाएं सुधारने और स्कूल बंद करने की प्रक्रिया रोकने की मांग की है। मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी गई है।

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शिक्षक भर्ती–2025 में पद बढ़ाने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का आंदोलन रविवार को भी नीलम पार्क में जारी रहा। 21 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे अभ्यर्थियों ने वर्ग–2 में प्रत्येक विषय के तीन हजार और वर्ग–3 में 25 हजार पद बढ़ाने की मांग की है। साथ ही बढ़े हुए पदों पर दूसरी काउंसलिंग कराने की मांग भी रखी गई है।

ब्यावरा निवासी नरेंद्र राजपूत पदवृद्धि की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनका दावा है कि उन्होंने करीब 42 घंटे से भोजन के साथ पानी भी नहीं लिया है।

उन्होंने कहा कि वे अकेले के लिए नहीं, बल्कि उन अभ्यर्थियों के लिए आंदोलन कर रहे हैं, जो वर्षों से शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से मांग सरकार तक पहुंचाने की बात कही। आंदोलन में महिलाएं अपने बच्चों के साथ भी शामिल हैं। इंदौर की दीप्ति सिंह ठाकुर अपनी दो बेटियों के साथ धरना स्थल पर हैं। उन्होंने बताया कि खुले स्थान पर सांप–बिच्छू, मच्छरों, पानी और शौचालय जैसी परेशानियां हैं, लेकिन इसके बावजूद आंदोलन जारी है।

# बारह वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म 52 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कमला नगर थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय पांचवीं कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार 52 वर्षीय आरोपी बच्ची को घूमने और खाने की चीज दिलाने का झांसा देकर अपने साथ ले गया। इसके बाद घर के पास स्थित सुलभ शौचालय में उसके साथ ज्यादती की।

घटना के दौरान बच्ची की आवाज सुनकर उसका भाई मौके पर पहुंच गया। भाई को आता देख आरोपी वहां से भागने लगा। इसके बाद परिजन बच्ची को लेकर कमला नगर थाने पहुंचे, जहां शनिवार रात शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया है और उसके बयान दर्ज किए जा रहे हैं। मामले की जांच के दौरान पुलिस घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की भी पड़ताल कर रही है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में बच्ची ने आरोपी को पहले से जानने की बात बताई है। उसने आरोपी पर पूर्व में भी उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मेडिकल परीक्षण के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## 26 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत


छोला मंदिर थाना क्षेत्र के शिव नगर में रविवार सुबह 26 वर्षीय माधवी सिंह का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आने पर मकान मालकिन उसे देखने पहुंचीं, जहां शव मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। घटना के समय माधवी का पति शुभम सिंह भी घर में मौजूद था। माधवी मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी। करीब दो वर्ष पहले उसकी शुभम से शादी हुई थी। शादी के बाद दोनों भोपाल आकर शिव नगर में किराए के मकान में रह रहे थे। शुभम रेलवे स्टेशन के पास चाय की दुकान संचालित करता है। माधवी के परिजनों ने पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह आए दिन उसके साथ मारपीट करता था और शक करता था। परिजनों ने माधवी के शरीर पर चोट के निशान होने की बात भी कही है और मौत को आत्महत्या मानने से इनकार किया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस पति और आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ कर रही है।

## निगम मंडल कर्मचारियों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**नप्र, भोपाल :** मध्य राज्य निगम मंडल अधिकारी–कर्मचारी संयोजक अनिल बाजपेई और कार्यवाहक अध्यक्ष अरुण वर्मा ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कर्मचारियों की विभिन्न मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है। ज्ञापन में निगम, मंडल, बोर्ड और परिषद के कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति आयु में समानता, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की आयु 64 वर्ष करने, सभी कर्मचारियों को सातवां वेतनमान देने और पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने की मांग की गई है।

इसके अलावा दैनिक वेतनभोगी और श्रमिक कर्मचारियों को नियमित करने, आउटसोर्स कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियुक्त करने तथा वाहन भत्ता देने की मांग भी रखी गई है। कर्मचारियों ने 15 दिन में निर्णय लेने का आग्रह किया है।

# नन्हीं प्रतिभाओं ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के रंगा सभागार में रविवार को नटराजन संस्था द्वारा 'वंदे भारत' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ शुरू हुए समारोह में शहर की नन्हीं प्रतिभाओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम में बच्चियों ने विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति, संस्कृति और भक्ति की भावनाओं को जीवंत किया। समारोह का मुख्य आकर्षण 'लहराए तिरंगा' समूह नृत्य रहा। बच्चियों की शानदार प्रस्तुति ने सभागार में मौजूद दर्शकों को देशप्रेम के भाव से भर दिया।

इसके साथ ही नृत्य भक्ति–9 अकादमी के बच्चों ने भी आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। उनकी प्रस्तुतियों की दर्शकों ने तालियों के साथ सराहना की।

## विंध्य में जलभराव, प्रभावितों के सर्वे और राहत की मांग

**नप्र, भोपाल :** विंध्य क्षेत्र में भारी बारिश के बाद जलभराव और अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस नेता आशीष तिवारी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बारिश ने सरकार के विकास दावों की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी है। शहर से लेकर गांव तक कई क्षेत्रों में जलभराव से जनजीवन प्रभावित हुआ है। तिवारी ने कहा कि जलनिकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से घरों, दुकानों और सड़कों पर पानी भर गया है। वहीं किसानों के सामने फसलों को बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराया जाए और नुकसान का आकलन कर पीड़ित परिवारों व किसानों को नियमानुसार राहत एवं मुआवजा दिया जाए।

## अंकलेश्वर बने जन परिषद के राष्ट्रीय सचिव



**नप्र, भोपाल :** सामाजिक संस्था जन परिषद ने वरिष्ठ एडवोकेट अंकलेश्वर दुबे को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। जन परिषद के अध्यक्ष एनके त्रिपाठी ने संयोजक रामजी श्रीवास्तव की अनुशंसा पर यह मनोनयन किया। श्री दुबे वर्तमान में जन परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष हैं और चौथी बार निर्वाचित हुए हैं। संस्था के महासचिव अजय श्रीवास्तव नीलू ने बताया कि जन परिषद पिछले 37 वर्षों से सामाजिक और रचनात्मक क्षेत्र में सक्रिय है।

# सबनानी ने किया भूमिपूजन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** दक्षिण–पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए रविवार को विधायक भगवानदास सबनानी ने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

इस दौरान वार्ड 28 आराधना नगर में शारदा हॉस्पिटल के पास बाउंड्री वॉल, पेविंग ब्लॉक और अन्य विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। वहीं वार्ड 27 नया बसेरा क्षेत्र में विद्युत पोल लगाने के कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र भ्रमण और जनसंपर्क के दौरान सामने आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी राजू अनेजा, एल्डरमैन लीलाधर यादव उपस्थित रहे।

# कायस्थ मंडल के हरियाली महोत्सव में सजी सावन की रंगारंग महफिल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कायस्थ मंडल नगरीय क्षेत्र वेलफेयर सोसाइटी, होशंगाबाद रोड द्वारा नंदन पैलेस में हरियाली महोत्सव–2026 'सावन सुंदरी' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आराध्यदेव चित्रगुप्त की सामूहिक आरती और शिव आराधना से हुई। इसके बाद मंडल की संरक्षक सेवानिवृत्त आईएएस शशि–केसी श्रीवास्तव का महिला पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

आयोजन में सावन सुंदरी प्रतियोगिता के साथ सावन आधारित नृत्य, गीत और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं हुईं। सावन क्वीन का खिताब अपेक्षा श्रीवास्तव ने जीता, जबकि पारुल सिंह श्रीवास्तव प्रथम और आकांक्षा श्रीवास्तव द्वितीय रनरअप रहीं। प्रतियोगिताओं में महिलाओं और युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की खासियत यह रही कि सभी सदस्य निर्धारित पोशाक के अनुरूप हरे परिधानों में शामिल हुए। आयोजन में करीब 100 परिवारों ने सहभागिता की। महिला पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली।

## प्रदूषण जांच करने वाली वैन खुद उड़ा रही थी धुआं

**नप्र, भोपाल :** वाहनों की प्रदूषण जांच कर प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण–पत्र जारी करने वाली एक वैन का धुआं उड़ाते हुए वीडियो रविवार को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे। नर्मदापुरम रोड का बताए जा रहे वीडियो में प्रदूषण जांच लिखी ओमनी वैन सड़क पर चलती दिखाई दे रही है और उसके पीछे से काफी धुआं निकल रहा है।

वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने सवाल किया कि जो वाहन दूसरे वाहनों की प्रदूषण जांच करता है, यदि वही स्वयं अत्यधिक धुआं छोड़ रहा है तो उसकी जांच किस तरह हुई। कुछ लोगों ने यह भी पूछा कि ऐसी स्थिति में उसे प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण–पत्र किस आधार पर मिला। मामले में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो पुराना है। संबंधित वैन के खिलाफ विभाग पहले ही कार्रवाई कर चुका है ।

# सेवा भारती ने 175 मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

**नप्र, भोपाल :** सेवा भारती सुभाष मंडल द्वारा सेवा बस्तियों में संचालित संस्कार केंद्रों के प्रतिभावान विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए रविवार को केरियर कॉलेज ऑडिटोरियम में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 175 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

समारोह में विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और स्कूल बैग प्रदान कर उनकी मेहनत एवं प्रतिभा का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने



सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिन्होंने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मुख्य वक्ता सेवा भारती महानगर अध्यक्ष शिवमंगल सिंह ने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक बनाने का आधार है। महापौर मालती राय ने शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सेवा भारती के कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम में एचपीसीएल के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक कपिल राय सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवानदास ढालिया ने कहा कि ऐसे आयोजन विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं।

# पंजाब मॉडल लागू कर आउटसोर्स कर्मियों को सीधे वेतन दे सरकार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने मध्यप्रदेश सरकार से पंजाब की तर्ज पर आउटसोर्स कर्मियों के लिए नया कानून बनाने की मांग की है।

मोर्चा के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव और महामंत्री दिनेश सिसोदिया ने कहा कि सरकार ने संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों से किए वादे अब तक पूरे नहीं किए हैं।मनोज भार्गव ने बताया कि पंजाब सरकार ने हाल ही में पंजाब स्टेट आउटसोर्स पर्सनल बिल–2026 पारित कर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के आउटसोर्स कर्मचारियों को सीधे विभागों व सरकारी उपक्रमों से अनुबंधित करने का निर्णय लिया है। इसके तहत कर्मचारियों को ठेकेदारों के बजाय विभागों से सीधे मासिक वेतन मिलेगा और उन्हें एक वर्ष का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

मोर्चा का कहना है कि इस व्यवस्था से ठेकेदारों की मनमानी, कमीशनखोरी और वेतन में होने वाली अनियमितताओं पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में करीब 3 लाख आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं, जो लंबे समय से स्थायी व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग

दूरभाष नं. कार्या 07592-232531 ईमेल eeresvidisha@mp.gov.in

क्र. 2446 / व.ले.लि./ ग्रा.यां. सेवा/ 2026 विदिशा, दिनांक 18.08.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रं. 06/2026–27**

जिला वॉश तकनीकी समिति, विदिशा द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत (ग्रामीण नलजल योजना संचालन–संधारण एवं प्रबंधन) नियम, 2026 के प्रावधानों के अंतर्गत ग्रामीण नल जल योजनाओं के वृहद मरम्मत, रख–रखाव एवं स्रोत तथा पाइप लाइन विस्तार कार्यों हेतु कंडिका 14 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत एजेंसियों को जनपद स्तर पर सूचीबद्ध (Empanel) करने के लिए पात्र आवेदकों से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | टेण्डर नंबर | जिले का नाम | जिले में जनपद पंचायतों की संख्य | सूचीबद्धता शुल्क (रु.) | निविदा दस्तावेज शुल्क (रु.) | सूचीबद्धता की अवधि (माह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_RES_530333_1 | विदिशा | 07 | 50,000 | 1000 | 24 |

**महत्वपूर्ण जानकारी**

1. निविदा से संबंधित सभी दस्तावेज मध्यप्रदेश शासन के ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल (https.//mptenders.gov.in) से देखे एवं डाउनलोड किए जा सकते हैं।
2. निविदा दस्तावेज शुल्क एवं सूचीबद्धता शुल्क मध्यप्रदेश शासन के ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी।
3. निविदा से संबंधित बैठक, आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख तथा अन्य जरुरी तारीखों की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर देखी जा सकती है।
4. किसी भी कारण से आवेदन जमा करने में होने वाली देरी के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।
5. जिले के प्रत्येक जनपद में अधिकतम 5 निविदाकारों को सूचीबद्ध किया जाएगा।
6. एक निविदाकार को जिले के अधिकतम 2 जनपदों में ही सूचीबद्ध किया जाएगा।
7. निविदाकारों को किसी भी आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने तथा आवश्यकता पड़ने पर पूरी निविदा प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार होगा। इस संबंध में कार्यालय द्वारा कारण बताना आवश्यक नहीं होगा। 8. उपरोक्त निविदा के निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किए जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक 27.08.2026 से प्रारंभ होकर दिनांक 11.09.2026 शाम 5.30 बजे तक निर्धारित है। निविदा कवर 'अ' (Cover-1) ऑनलाइन ही जमा (Submit) / अपलोड करने होंगे। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 9. संशोधन संबंधी सभी सूचनाएं केवल वेबसाइट पर ही अपलोड की जाएंगी। पृथक से पेपर में प्रकाशित नहीं की जाएंगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें। वेबसाइट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

जी–17585/26

कार्यपालन मंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवंसदस्य सचिव, जिला वॉश तकनीकी समिति
जिला पंचायत, विदिशा (म.प्र.)



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग विदिशा (म.प्र.)

**// निविदा सूचना//**

क्रमांक 71 एंव 81/2026–27 विदिशा, दिनांक 20.08.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | कार्य की (रू. लाख में) | ई.एम.डी. अनु राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWDR B_530967_1 | विदिशा | मजबूतीकरण कार्य | भोपाल सागर मार्ग (ओल्ड एन.एच. 146 विदिशा सिटी किमी. 69 से 71) मार्ग लंबाई 0.30 किमी. में मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 117.80 | 117800.00 |
| 2 | 2026 PWDR B_530975_1 | विदिशा | मजबूतीकरण कार्य | हाटखेड़ा से तरावली मार्ग लंबाई 1.00 किमी., ग्यारसपुर से इन्द्रवास माग्र लंबाई 1.80 किमी. एवं मदनखेड़ी से गुरारियाखेडी भौरिया मार्ग से पठारी हवेली बाया परसोरा हवेली मार्ग लंबाई 3.70 किमी. कुल लंबाई 6.50 किमी. । | प्रथम | 343.19 | 343190.00 |
| 3 | 2026_PWDR B 530996 1 | विदिशा | मजबूतीकरण कार्य | कोलिंजा चक्क से विदिशा अशोकनगर मार्ग लंबाई 2.20 किमी. एवं कोलिंजा पंहुच मार्ग लंबाई 2.10 किमी. कुल लंबाई 4.30 किमी. । | प्रथम | 350.84 | 350840.00 |
| 4 | 2026_PWDR B_531026_1 | विदिशा | मजबूतीकरण कार्य | कोठीचार पंहुच मार्ग लंबाई 2.00 किमी., खामखेड़ा वामनखेडा बांसखेड़ा लंबाई 200 किमी. एवं खामखेड़ा लौधाखेडी गंगरवाड़ा मार्ग लंबाई 3.00 किमी. कुल लंबाई 7.00 किमी.। | प्रथम | 476.33 | 476330.00 |
| 5 | 2026 PWDR B_531045_1 | विदिशा | मजबूतीकरण कार्य | शमशाबाद मार्ग से कोटरा नामाखेड़ी काठीचार कला सूखा सेमरा मार्ग (सांकलखेड़ा पुरेनिया से गंगरवाड़ा एंव सेमरा पंहुंच मार्ग) लंबाई 5.60 किमी. में मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 393.02 | 393020.00 |
| 6 | 2026_PWDR B 531056 1 | विदिशा | मजबूतीकरण कार्य | टीलाखेड़ी से गेहूंखेड़ी मार्ग लंबाई 1.70 किमी. एवं देवखजूरी से गुलाबगंज मार्ग लंबाई 2.00 किमी. कुल लंबाई 3.70 किमी.। | प्रथम | 249.10 | 249100.00 |
| 7 | 2026_PWDR B_531064_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | महामाई मंदिर वीरपुर में दो पहिया एवं चार पहिया सी.सी. वाहन पार्किंग (21000 वर्ग मीटर) निर्माण कार्य । | तृतीय | 233.05 | 233050.00 |
| 8 | 2026_PWDR B 531146 1 | विदिशा | बी.टी. रिन्युवल | बिछिया पुराखाना मार्ग लंबाई 1.00 किमी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। | तृतीय | 10.56 | 21120.00 |
| 9 | 2026_PWDR B_531154_1 | विदिशा | बी.टी. रिन्युवल | पुरनपुरा लिंक रोड न. 5 से अहमदपुर मार्ग लंबाई 1.80 किमी. में बी.टी. नवीनीकरण कार्य। | तृतीय | 18.75 | 37500.00 |
| 10 | 2026_PWDR B 531266 1 | विदिशा | भवन मरम्मत | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क–1 विदिशा अंतर्गत ग्यारसपुर गुलाबगंज सेक्शन के अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में ए.आर., एस.आर., एम.ओ.डब्ल्यू. एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.90 | 39800.00 |
| 11 | 2026_PWDR B_531272_1 | विदिशा | भवन मरम्मत | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क–1 विदिशा अंतर्गत विदिशा मुख्यालय सेक्शन के अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में ए.आर., एस.आर.. एम.ओ.डब्ल्यू. एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 15.00 | 30000.00 |
| | | | | योग | | 2227.54 | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 08.09.2026 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी–17605/26

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग विदिशा



## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी/उपवन मंडल अधिकारी दक्षिण सागर

Email:- sdosouthsagar@ gamli.com ,sdoftssagar@ mp.gov.in

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपवनमंडल दक्षिण सागर के अंतर्गत परिक्षेत्र राहतगढ़ मे पंजीबद्ध निम्न दर्शित अपराध के तहत जप्त वाहनों द्वारा सागौन / सतकठा जलाऊ काष्ठ का अवैधानिक तौर पर परिवहन करते पाये जाने पर वाहन जप्त किये गये है। उक्त जप्तशुदा वाहनों के विरूद्ध संलग्न विवरण अनुसार कार्यवाही की गई एवं वाहनों के जप्त वनोपज सहित राजसात की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। जप्तशुदा वाहनों का विवरण इस प्रकार है – परिक्षेत्रों में वन अपराध मे लिप्त एवं जप्त वाहनों का विवरण:–

| क्रं. | परि. का नाम एवं वा.राज. प्रस्ताव कं./वि. | धाराओं का विवरण जिनके तहत वाहन जब्त किया गया | पीओआर क्रं. दि. | वाहन के साथ जप्त वनोपज एवं अन्य सामग्री | जप्त वाहन का विवरण: वाहन का मेक प्रकार | पंजीयन क्रं. | चेसिस क्रं. | इंजन क्रं. | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | राहतगढ़/ 652 22.05. 2026 | भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26(1) ड एवं 41 | 2110/14 20.05.2026 | सागौन01 नग 0.080 | मौ.सा. कावासा की | – – | DFFBK 87448 | - | वाहन मालिक अज्ञात |
| 2 | राहतगढ़/ 968 18.07. 2026 | मप्र तेन्दूपत्ता वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1964 की धारा 5 | 2202/02 14.07.2026 | तेन्दूपत्ता 200 गिड्डी | मौ.सा. डिस्कवर रंग काला | अस्पष्ट – | अस्पष्ट | - | वाहन मालिक अज्ञात |
| 3 | राहतगढ़/ 1103 10.08. 2026 अज्ञात | भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26(1) क के अंतर्गत | 1999/21 14.05.2023 | सागौन सतकठा जलाऊ | मौ.सा. बजाज | MP04 MD-3299 | - | - | वाहन मालिक अज्ञात |

अत: जरिये जाहिर सूचना ऐसे व्यक्तियों को सूचना दी जाती है जो भी व्यक्ति उक्त जप्तशुदा वाहनों के वैद्य मालिक हों अथवा जिनका प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित जप्तशुदा वाहनों में निहित हो वे इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस में अपना पक्ष रखें अथवा अपना स्वामित्व सिद्ध करें। उपरोक्तानुसार नियत समयावधि तक किसी व्यक्ति द्वारा कोई अभ्यावेदन उक्त संबंध में प्रस्तुत नही किया जाता है तो एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाते हुए उक्त जप्तशुदा वाहनों को मय वनोपज के शासन पक्ष में राजसात के आदेश पारित कर दिये जाएंगे एवं तत्पश्चात् कोई आक्षेप मान्य नही होगा।

प्राधिकृत अधिकारी ,उपवनमंडल
अधिकारी,दक्षिण सागर

जी–17571/26